प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–28.08.2023 (सं0–387)

बिहार पुलिस द्वारा मिनी गन फैक्ट्री का उदभेदन/अवैध हथियार की बरामदगी :–

- बिहार पुलिस द्वारा मिनी गन फैक्ट्री/अवैध हथियार/हथियार तस्करों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

वर्ष–2023 के जुलाई तक बिहार पुलिस की उपलब्धि:–

- मिनी गन फैक्ट्री के उदभेदन की कुल संख्या :– 27
- अवैध हथियारों की बरामदगी की कुल संख्या :– 2800
- नियमित आग्नेयास्त्र की बरामदगी की कुल संख्या :– 49
- बरामद कारतूसों की कुल संख्या :– 19419

वर्ष–2021, 2022 एवं 2023 (जुलाई तक) की उपलब्धि :–

उपलब्धि का प्रकार	वर्ष 2021	वर्ष 2022	वर्ष 2023 (माह–जुलाई तक)
मिनी गन फैक्ट्री का उदभेदन	61	32	27
अवैध हथियार की बरामदगी	3951	4288	2800
नियमित आग्नेयास्त्र की बरामदगी	30	78	49
कारतूस बरामद	14084	28200	19419

माह–अगस्त, 2023 अब तक मिनी गन फैक्ट्री का उदभेदन :–

- दिनांक–01.08.2023 को **मुंगेर जिले के बरियारपुर थाना अंतर्गत ऋषिकुण्ड पहाड़ पर एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उदभेदन** किया गया। जिसमें **देशी कट्टा–01, अर्द्धनिर्मित दशी कट्टा–01, बेस मशीन–03, ड्रिल मशीन–03 एवं हथियार बनाने के कई उपकरण बरामद हुये** तथा **01 हथियार तस्कर को भी गिरफ्तार** किया गया।
- दिनांक 17.08.2023 को औरंगाबाद जिले के कसमा थानान्तर्गत मिनी गन फैक्ट्री का उदभेदन करते हुये 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। छापामारी के क्रम में 02 देशी कट्टा, 02 देशी मस्कट, 01 दोनाली बन्दूक तथा भारी मात्रा में अर्द्धनिर्मित हथियार सहित हथियार बनाने के उपकरण बरामद किये गयें।
- दिनांक 25.08.2023 को बेगूसराय जिला के लाखो ओ0पी0 अन्तर्गत ग्राम पचपन टोल में छापामारी में अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उदभेदन कर **09 अभियुक्तों को गिरफ्तार** किया गया। छापामारी के क्रम में **अर्द्धनिर्मित पिस्टल–12, बैरल–24, मोबाइल– 06, मोटर साइकिल–02,** नकद–18 हजार रुपया सहित अन्य हथियार बनाने के कई उपकरण किये गयें।
- दिनांक 26.08.2023 को नवगछिया जिले के गोपालपुर थानान्तर्गत करचीरा में मिनी गन फैक्ट्री का उदभेदन करते हुये **कुख्यात हथियार तस्कर मुकेश ठाकुर** को गिरफ्तार किया गया। छापामारी के क्रम में **भारी मात्रा मं अद्धनिर्मित देशी कट्टा, बैरल, ट्रिगर गार्ड एवं अन्य हथियार बनाने की सामग्री** बरामद की गयी।

XXXXXXXXXX